तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर, 2025

12 ई पत्रिका शुरू करने वाला अंबाला राज्य का प्रथम जिला


12 दो महीने से सफाई कर्मियों को नहीं मिला वेतन


## खबर संक्षेप

### घायल महिला की मौत ट्रैक्टर चालक पर केस

**पानीपत।** इसराना थाना पुलिस ने परढाना गांव स्थित ईको ग्रीन फैक्ट्री में ट्रैक्टर से कुचलकर काल का ग्रास बनी रोशनी देवी पत्नी रामकरण निवासी गांव सींक जिला पानीपत के शव का पोस्टमार्टम करवाया। इधर, पुलिस ने रोशनी देवी का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और पति रामकुमार की शिकायत पर ट्रैक्टर के चालक नरेंद्र निवासी जिला जींद पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार, केस दर्ज

**पानीपत।** पुलिस ने चौटाला रोड पर अजय पुत्र बलवान निवासी जवाहरा सोनीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी अजय को अवैध हथियार रखने का शौक है। वहीं, बरामद हथियार अजय ने पानीपत के गांव परढाना निवासी संजीत से लिया था। आरोपी संजीत हत्या के मामले में पानीपत जेल में बंद है।

### मिड डे मील वर्कर्स ने प्रदर्शन का नोटिस सौंपा

**कैथल।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के उप अधीक्षक के माध्यम से 6 अक्तूबर के जिला स्तरीय प्रदर्शन का नोटिस सौंपा। बताया कि समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तमाम मिड डे मील वर्कर्स राज्य कमेटी के आह्वान पर 6 अक्तूबर को दोपहर 2 बजे से लेकर 4 बजे तक प्रदर्शन करेंगे।

## पूर्व मंत्री ने मनियारी मार्केट का दौरा किया सुनी मन की बात

# जीएसटी में बदलाव होने से व्यापारी और ग्राहक दोनों खुश, बाजार में लौटी रौनक

*अंबाला शहर की प्रसिद्ध मनियारी मार्केट में दुकानदार बोले, मोदी सरकार में व्यापार और व्यापारी दोनों सुरक्षित, जीएसटी में बदलाव ऐतिहासिक कदम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मंगलवार को अंबाला शहर की प्रसिद्ध मनियारी मार्केट का दौरा किया। यहां उन्होंने दुकानदारों व ग्राहकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों पर विस्तार से चर्चा की।

मार्केट के व्यापारी और दुकानदारों ने पूर्व मंत्री असीम गोयल से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए बदलाव ऐतिहासिक और स्वागत योग्य कदम है। इससे न केवल व्यापारी वर्ग को राहत मिली है बल्कि ग्राहकों को भी सीधा फायदा हुआ है। बदलते टैक्स ढांचे के चलते व्यापार आसान हुआ है और ग्राहकों को भी पहले से सस्ती दरों पर सामान उपलब्ध हो रहा है।

■ अब सिस्टम सरल और पारदर्शी हो गया

### गुलाब भेंट कर संवाद

पूर्व मंत्री ने दुकानदारों को गुलाब के फूल भेंट कर संवाद की शुरुआत की। उन्होंने प्रत्येक व्यापारी से व्यक्तिगत रूप से बात की और उनकी राय जानी। दुकानदारों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापार और व्यापारी दोनों सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब न तो इंस्पेक्टर राज है और न ही जगह-जगह टैक्स वसूली का झंझट। सरकार के इस कदम ने व्यापार को नई ऊर्जा प्रदान की है। चाहे मैन्युफेक्चरिंग कोस्ट हो या सामान खरीदने बेचने की बात हो। टैक्स कम होने से व्यापारियों को काफी लाभ मिल रहा है। व्यापारियों ने बताया कि जीएसटी सुधारों के बाद मार्केट में रौनक बढ़ी है। ग्राहक भी संतुष्ट हैं और व्यापारी भी खुले मन से व्यापार कर पा रहे हैं। अब सिस्टम सरल और पारदर्शी हो गया है।

असीम गोयल ने दुकानदारों से कहा कि भाजपा सरकार हमेशा व्यापारी और ग्राहक दोनों के हितों के लिए काम करती रही है।



अंबाला। मनियारी मार्केट में दुकानदारों से बातचीत करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### बौखलाहट में कांग्रेस कर रही दुष्प्रचार

*मार्केट में पहुंचे पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बौखलाहट में तरह-तरह का दुष्प्रचार कर रही है लेकिन सच्चाई यह है कि कांग्रेस के राज में व्यापारियों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा। जगह-जगह अलग-अलग टैक्स और रिश्वतखोरी की वजह से व्यापारी वर्ग बेहद परेशान रहता था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने व्यापार को आसान और पारदर्शी बनाया है। आज कोई भी व्यापारी बेखौफ होकर कारोबार कर सकता है।*

### ग्राहकों को सीधा लाभ

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मार्केट में आये ग्राहकों से भी संवाद किया। ग्राहकों ने बताया कि जीएसटी में बदलाव का लाभ उन्हें मिल रहा है। दुकानदार मार्केट में सामान नई दरों के हिसाब से ही दे रहे हैं। ग्राहकों ने भी कहा कि जीएसटी स्लैब्स में बदलाव का सीधा असर उनके बजट पर दिख रहा है। रोज़मर्रा की जरूरतों का सामान अब पहले की तुलना में किफायती हो गया है। सरकार का यह कदम निश्चित रूप से आमजन के लिए लाभदायक है।

*पूर्व मंत्री ने करवाया पदभार ग्रहण*

## मार्केट कमेटी के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने संभाली कुर्सी



अंबाला। चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को कुर्सी पर बिठाते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

**अंबाला।** अंबाला शहर की मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन जसविंदर सिंह उगाडा और वाइस चेयरमैन गुलशन कालड़ा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा के साथ दोनों पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करवाया। अनाज मंडी में पहुंचे पूर्व मंत्री असीम गोयल व चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का कार्यकर्ताओं और किसानों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल को नवनियुक्त पदाधिकारियों ने तलवार भेंट कर सम्मानित किया और नियुक्तियों के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा अपने हर कार्यकर्ता की मेहनत को सम्मान देती है। फिर बात चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करें या मुख्यमंत्री नायब सैनी की। ये सभी नेता बूथ स्तर से उठकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यहां परिवारवाद जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से मंडियों के कामकाज में और तेजी आएगी व मंडियों की व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि जसविंदर सिंह उगाडा और गुलशन कालड़ा मंडी व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का समाधान करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

■ नवनियुक्त पदाधिकारियों ने तलवार भेंट कर सम्मानित किया

*स्टेयरिंग व सीट के बीच में फंसा चालक*

## सड़क किनारे खड़े ट्रक को मारी टक्कर, चालक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर सोमवार रात सड़क हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा सड़क किनारे खराब खड़े दूसरे ट्रक से टकराने से हुआ। तेज रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे से टकराने वाले ट्रक का केबिन पूरी तरह पिचक गया।

ड्राइवर स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया। उसने इसी हालात में दम तोड़ दिया था। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत एक हाइड्रा मशीन बुलवाई, जिसकी मदद से ट्रक के केबिन को काटा गया। इसके बाद ड्राइवर के शव को बाहर निकाला जा सका। पुलिस के मुताबिक, अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर घटना रात करीब 12 बजकर 33 मिनट की है। काले पुल के ऊपर मंजी साहिब गुरुद्वारे के पास एक ट्रक खराब हो गया था। उसके ड्राइवर ने ट्रक को सड़क के एक साइड में लगा कर खड़ा दिया था। खुद उतरकर मिस्त्री का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, रफ्तार तेज होने की वजह से टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर मारने वाले ट्रक का आगे का केबिन पूरी तरह पिचक गया। इसका ड्राइवर स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया। हादसे के बाद तुरंत आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक ड्राइवर इसी हालात में फंसा हुए दम तोड़ चुका था।

■ हाइड्रा के जरिए ट्रक के कैबिन को काटकर निकाला शव

### सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी जेल भेजे

**पानीपत।** महिला का अपहरण कर सामुहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी महिला यू-ट्यूबर सहित चार आरोपियों अमनदीप उर्फ अमन निवासी गांव भालसी जिला पानीपत, करनाल के गांव डाचर का मूल व हाल निवासी हुडा सेक्टर-छह, पानीपत अश्वनी, झज्जर के गांव कासनी निवासी मोनू व पत्रकार किरण को थाना सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पीडित महिला की शिकायत पर आरोपी किरण, अमनदीप, अश्वनी, मोनू पर थाना सदर में केस दर्ज है।

*दोनों स्नैचरों को अस्पताल में करवाया भर्ती*

## पुलिस को देखकर भाग रहे स्नैचरों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, दोनों घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुलिस टीम को देखकर भाग रहे स्त्रेचरों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार दोनों स्त्रेचर घायल हो गए। जिला अपराध अन्वेक्षण शाखा की टीम ने दोनों स्त्रेचरों को काबू कर उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।

जहां उनका इलाज चल रहा है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी स्त्रेचरों ने जिले में कई वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस टीम गांव कैल के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि दो युवक नव निर्मित हाईवे पर बाइक पर घूम रहे हैं। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां घूम रहे बाइक सवार युवकों को रूकने का इशारा किया तो आरोपी युवक तेज गति से बाइक भगाने लगे। जब पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तो आरोपियों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई। पुलिस टीम ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। घायल अवस्था में दोनों को शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमादलपुर निवासी फिरोज और आशिक के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले भी कई अपराधिक वारदातों में संलिप्त रह चुके हैं।



यमुनानगर के सिविल अस्पताल में घायल स्त्रेचरों को इलाज के लिए ले जाती पुलिस टीम।

### जांचा जाएगा रिकार्ड

इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम लगातार ऐसे शातिर बदमाशों की तलाश में जुटी रहती है। जिले में आम लोगों की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि इनके आपराधिक रिकॉर्ड की गहन जांच की जाएगी।

## पानीपत रिफाइनरी को मिला सर्वश्रेष्ठ फैक्ट्री का पुरस्कार

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कांपलेक्स को श्रम विभाग, हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण पुरस्कार 2024 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ फैक्ट्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने यह सम्मान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से प्राप्त किया। इस अवसर पर हरियाणा के मंत्री अनिल विज, राव नरबीर सिंह, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, पीआरपीसी के ओम प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अशुतोष पांडे, सीईएसएम (फैक्ट्री मैनेजर) भी उपस्थित थे। वहीं, पीआरपीसी को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बड़े कारखाना प्रतिष्ठान श्रेणी में तीन प्रमुख खंडों सुरक्षा पुरस्कार सबसे लंबी दुर्घटनामुक्त अवधि और न्यूनतम दुर्घटना आवृत्ति दर हेतु, कल्याण पुरस्कार सर्वोत्तम कार्य स्थितियों, कैंटीन, शिशु सदन (क्रेच) सुविधाएं, खेलकूद सुविधाएं तथा कारखाना परिसर में पर्यावरण प्रबंधन हेतु, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय प्राथमिक उपचार व्यवस्था तथा व्यावसायिक रोगों की रोकथाम हेतु उठाए गए कदम। वहीं पीआरपीसी ने विश्व विख्यात कंपनियों को पीछे छोडते हुए यह गौरवशाली पुरस्कार अपने नाम किया।




पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी से सर्वश्रेष्ठ फैक्ट्री का पुरस्कार ग्रहण करते हुए एमएल डहरिया। फोटो : हरिभूमि

### अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन कर व्रत खोला

**तरावड़ी।** नवरात्रि की समाप्ति पर आज अष्टमी के दिन लोगों ने घरों में कन्याओं की पूजा कर अपने व्रत खोले। नवरात्रों की पूजा बिना कन्याओं की पूजा के पूरी नहीं मानी जाती। इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का एक अलग ही महत्व होता है। वहीं इस दिन कन्याओं के महत्व को भी भली-भांति समझा जा सकता है। कन्या होती है देवी का रूप, आज उसी रूप के दीदार के लिए लोगों की आंखें तक तरस गई। देवी के भक्त कंजकों को पूजने के लिए ढूंढते रहे।

## वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस से मिलेगी सुविधा

■ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर बस स्टैंड से वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लोगों की मांग पर कस्बा के बस स्टैंड पर रादौर से यमुनानगर के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि यह बस रादौर से रोजाना सुबह 9 बजे रवाना होकर यमुनानगर पहुंचेगी। इसके बाद यह बस रोजाना दिन में कई चक्कर लगाएगी। इस बस के चलने से लोगों को को बेहतर व आरामदायक परिवहन सुविधा मिलेगी। रादौर से यमुनानगर के लिए बस सेवा से क्षेत्र के विद्यार्थियों को सबसे अधिक सुविधा मिलेगी।

इलेक्ट्रिक वाहनों के चलने से प्रदूषण में कमी आएगी।



रादौर। वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कृषिमंत्री राणा।

### राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने प्रबुद्धजन सम्मेलन में रखे विचार

# स्वदेशी उत्पाद अपनाकर देश को बनाएं आत्मनिर्भर

■ युवाओं को अपने देश में ही रोजगार मिल सकेगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी यमुनानगर द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में मंगलवार को प्रबुद्धजन सम्मेलन व आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाग लिया।

वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत का अर्थ है एक ऐसा भारत जो अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर न हो। बल्कि अपनी क्षमताओं और संसाधनों का उपयोग करके अपनी जरूरतों को पूरा कर सके। स्वदेशी अपनाओ का अर्थ है भारतीय उत्पादों और सेवाओं को अपनाना और उनका समर्थन करना। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत से देश का आर्थिक विकास होगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।




यमुनानगर। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा।

### अर्थव्यवस्था सुधरेगी

स्वदेशी अपनाओ से भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और देश के उत्पादों और सेवाओं की मांग बढ़ेगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि हमें भारतीय उत्पादों का समर्थन करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। हमें स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें समर्थन करना चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने से हमारे देश भारत का विकास होगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हमें आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ के लिए कदम उठाने चाहिएं।

### बैंक खाता बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने बैंक खाते बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र टीम ने बैंक खाते बेचने के मामले में हर्षदीप वासी पेहवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सुमित मसीह वासी पेहवा ने बताया कि वह पेहवा में दुकान पर काम करता है। उसने अपने एक जानकर हर्षदीप को कुछ समय पहले बताया था कि वह विदेश जाना चाहता है। कुछ समय बाद आरोपी उसके पास आया और उससे कहा कि वह विदेश जाने के लिए लोन करवा देगा। जिसके लिए उसको बैंक खाता खुलवाना पड़ेगा। जिसके बाद उसने आरोपी के बताए अनुसार बैंक खाता खुलवा लिया जिसकी पासबुक, चैक बुक व एटीएम आरोपी ने अपने पास रख ली।

## फैक्ट्री का मुनीम साढ़े 10 लाख रुपये लेकर फरार

■ फैक्ट्री मालिक ने पुलिस में दी आरोपी के खिलाफ शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित फैक्ट्री से बैंक में रुपये जमा करवाने गया मुनीम साढ़े 10 लाख रुपये व बाइक लेकर फरार हो गया। जब मुनीम का कुछ भी पता नहीं चला तो फैक्ट्री मालिक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की मॉडल कॉलोनी निवासी अश्वनी कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया में इंटरनेशनल के नाम से फैक्ट्री है। उसने जगाधरी की शांति कॉलोनी निवासी जोगिंद्र सिंह को फैक्ट्री में मुनीम लगाया हुआ है। 29 सितंबर को उसने जोगिंद्र को साढ़े 10 लाख रुपये बैंक में जमा करवाने के लिए दिए थे। जोगिंद्र अपनी बाइक पर पैसे लेकर बैंक में जमा करवाने के लिए चला गया। मगर उसने यह पैसे बैंक में जमा नहीं करवाए। इसके बाद वह फैक्ट्री में भी नहीं आया। जब उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो वह बंद मिला। उसने आरोप लगाया जोगिंद्र रुपये हड़पने की नियत से फरार हुआ है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मां के श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर खोला उपवास

# धूमधाम से मनाया जिले भर में दुर्गा अष्टमी का पर्व, मां के मंदिरों में दिन भर लगी रही भक्तों की भीड़, नवरात्र के उपलक्ष्य में मेले आयोजित

**शरद नवरात्र में मां का पूजन करना बड़ा फलदायी है, कई स्थानों पर भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शरदीय नवरात्रि में दुर्गा अष्टमी पर्व मंगलवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों में मां के आठवें स्वरुप महागौरी की पूजा अर्चना कर कन्याओं का पूजन कर उपवास खोला। वहीं, मां के मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। इस दौरान त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित मेले में भारी भीड़ जुटी। म

'गलवार सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में कन्याओं का पूजन करना शुरू कर दिया था। जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर माता के आठवें स्वरूप सिद्धिदात्री के दर्शन किए और वहीं पर कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान कई स्थानों पर भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। मां वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी दिव्य दत्त शर्मा ने बताया कि शरद नवरात्र में मां का पूजन करना बड़ा फलदायी है। हालांकि कुछ श्रद्धालु बुधवार को मां के नौंवे स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर उपवास खोलेंगे। मगर अधिकांश श्रद्धालुओं ने मंगलवार को ही मां के आठवें स्वरूप की पूजा अर्चना करने के बाद उपवास खोल लिया।




यमुनानगर। दुर्गाष्टमी पर्व पर कन्याएं प्रसाद ग्रहण करते हुए व उन्हें प्रसाद ग्रहण करवाने के बाद फल व उपहार भेंटकर विदा करते हुए श्रद्धालु।

### श्रीदेवी मंदिर में हुआ भजन कीर्तन

नवरात्र के दुर्गाष्टमी पर्व पर श्रीदेवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहले मां के दर्शन किए और फिर पूजा अर्चना करने के बाद भजन कीर्तन में भाग लिया। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया।

### मां बालासुंदरी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

दुर्गाष्टमी पर्व पर त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मेले में मंगलवार को अष्टमी पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां के दर्शन करने शुरू कर दिए थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कई-कई घंटे लाइनों में लगकर मां के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। बाद में श्रद्धालुओं ने मां बाला सुंदरी मंदिर के नजदीक आयोजित मेले में पहुंचकर खरीददारी की और झूलों का आनंद लिया। श्रद्धालु रविंद्र, सुभाष, मोहित, बिरेंद्र व सतीश आदि ने बताया कि मां बालासुंदरी के दर्शन करने मात्र से जीव का कल्याणा हो जाता है। उन्होंने मां के दर्शन कर मन्नतें मांगी। उन्हें उम्मीद है कि अगले एक वर्ष के भीतर उनकी माता मनोकामना अवश्य पूरी करेंगी।

## खबर संक्षेप

### जोशप्रीत सिंह को मिला लेफ्टिनेंट का पद

**यमुनानगर।** 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कार्यालय में मंगलवार को पाइपिंग समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु नानक खालसा कॉलेज के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर एएनओ डॉ. लेफ्टिनेंट जोशप्रीत सिंह को औपचारिक रूप से लेफ्टिनेंट का पद प्रदान किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने डॉ. लेफ्टिनेंट जोशप्रीत सिंह को बधाई दी। यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गौरव का क्षण है और हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका समर्पण, अनुशासन और नेतृत्व गुण युवा पीढ़ी को सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे।

### शटर तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** कस्बा जठलाना चोरों ने श्री श्याम हार्डवेयर की दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव उन्हेड़ी निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जठलाना में श्री श्याम हार्डवेयर की दुकान है। वह 28 सितंबर को देर शाम दुकान बंद करके अपने घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

### मेयर सुमन बहमनी ने 6247 मीटर पेजयल पाइप लाइन का किया शुभारंभ

# जोड़ियों व औरंगाबाद में डाली जाएगी पेयजल पाइप लाइन

**पाइप लाइन डालने के साथ पंप चैंबर, बाउंड्री वाल का निर्माण भी किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के जोड़ियों और औरंगाबाद में 79.72 लाख रुपये की लागत से पेयजल पाइप लाइन डाली जाएगी। मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने 6247 मीटर पेयजल पाइप लाइन डालने के विकास कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां पाइप लाइन डालने के साथ पंप चैंबर, बाउंड्री वाल का निर्माण भी किया जाएगा। मेयर ने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और नियमानुसार विकास कार्य कराने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड के नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी को ध्यान में रखकर बिना भेदभाव हर वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के साथ अन्य सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। पेयजल के लिए ट्यूबवेल, पानी निकासी के लिए नाले, नालियां, अंडरग्राउंड पाइप लाइन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन बनाने का कार्य किया जा रहा है। लोगों की राह आसान बनाने के लिए हर वार्ड की नियमित कॉलोनियों में पक्की गलियों व सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। धार्मिक, सामाजिक व शादी समारोह के लिए सामुदायिक केंद्र, अंबेडकर भवन व अन्य भवन बनाने का कार्य कर रहे है। शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर चौकों, सड़कों, पार्कों का नवीनीकरण किया जा रहा है। शहर को आधुनिक व व्यवस्थित बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।



यमुनानगर। जोडियां व औरंगाबाद में नारियल फोड़ कर पेयजल पाइप लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य : मेयर

### शहर को सुंदर बनाने में लोग करें सहयोग

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जनहित में कार्य कर रही है। अनेक योजनाएं शुरू कर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे है। अनेक बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए गए है। हर वार्ड में गलियों व नालियों का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि लोगों को आसान राह मिले। उन्होंने आमजन से अपील की कि शहर को सुंदर साफ स्वच्छ व व्यवस्थित बनाने में सभी सहयोग करें। शहर की स्वच्छता के लिए सरकार द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलाया गया है। सभी इस अभियान का हिस्सा बने और शहर को सुंदर बनाने में सहयोग करें। खुले में कचरा न डाले। पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें। सड़कों व गलियों में अतिक्रमण न करें। मौके पर सीएसआई अनिल नैन, पार्षद उज्जवल ठाकुर और अन्य नागरिक मौजूद रहे।

## त्योहारी सीजन में सड़क पर अतिक्रमण नहीं होगा बर्दाश्त



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित रेहड़ी और फड़ी संचालकों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए विशेष अधिकारी अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

- नगर निगम के विशेष अधिकारी अनिल यादव ने शहर के रेहड़ी और फड़ी संचालकों की आयोजित बैठक में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर के विशेष अधिकारी (सफाई) कार्यालय में शहर के रेहड़ी और फड़ी संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षत निगम के विशेष अधिकारी अनिल यादव ने अध्यक्षता की। उन्होंने रेहड़ी संचालकों व फड़ी संचालकों को त्योहारों के सीजन में सड़कों पर अतिक्रमण नहीं करने के दिए निर्देश विशेष अधिकारी(सफाई) अनिल कुमार यादव ने सभी रेहड़ी और फड़ी संचालकों को पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने, अपनी रेहडी फड़ी के पास डस्टबिन रखने और अवैध अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी ने भी इन आदेशों की पालना नहीं की गई तो उसके विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़क पर रखा सामान जब्त करने के साथ 25 हजार तक का चालान किया जाएगा। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान और सेवा पखवाड़ा के तहत शहर को सुंदर, साफ, स्वच्छ व व्यवस्थित बनाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत शहर में विशेष सफाई अभियान, अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों के डिवाइडर को सुंदर बनाने व हर नाले व नाली की सफाई व अन्य व्यवस्था की जा रही है। सेवा पखवाड़ा 2 अक्तूबर और शहर स्वच्छता अभियान 25 नवंबर तक जारी रहेगा। शहर को साफ व व्यवस्थित बनाने के लिए हमने बैठक व डोर टू डोर जाकर जगाधरी व यमुनानगर के सभी दुकानदारों,रेहड़ी पर और फड़ी संचालकों, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट संचालकों व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को समझाया गया।

## दुर्गाष्टमी पर संतोषी माता के मंदिर में भंडारा, लोगों ने चखा प्रसाद

- भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित संतोषी माता मंदिर में मंगलवार को दुर्गाष्टमी के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भंडारे से पूर्व सभी की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उसके उपरांत देवी दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा कन्या पूजन के रूप की गई।

आयोजक पंडित राजेश शर्मा, राकेश शर्मा व रमेश शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन उनके पिता स्वर्गीय धर्मवीर शर्मा ने 1990 में करवाया था। माता रानी की असीम कृपा से 34 वर्षों से उनके परिवार के सहयोग से वर्ष में दो बार दुर्गाष्टमी पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह आयोजन किया जाता रहेगा। आसपास के लोग माता रानी के कार्यों में पूरा सहयोग करते है। इस अवसर पर सुनील, कोमल अरोड़ा, सुनील कुमार, मांगेराम आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर के रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित संतोषी माता मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## पराली जलाने पर लगेगा जुर्माना और केस दर्ज होगा

- उपायुक्त ने अधिकारियों को पराली प्रबंधन की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पराली जलाने के मामलों पर जिला प्रशासन सख्त है। जिला प्रशासन ने खेत में पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाने के साथ ही एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जिला उपायुक्त ने किसानों को खेतों में पराली न जलाने का आह्वान किया है। इसके साथ ही उपायुक्त ने अधिकारियों को पराली प्रबंधन की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी के निर्देशानुसार सरकार पराली जलाने वाले किसानों पर सख्त है। उन्होंने कहा कि किसान सरकार का साथ दे पराली न जलाएं। अगर कहीं पर पराली जलाने संबंधित सूचना आती है तो पराली जलाने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला में पराली जलाने से संबंधित कोई घटना सामने नहीं आनी चाहिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी तथा कोताही व लापरवाही करने वाले संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## छात्रा मन्नत सैनी व केशव ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर(यमुनानगर) में सेवा पखवाड़ा के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रकला के जिला संयोजक राम निवास गर्ग, पूर्व मेयर मदन चौहान, संदीप धीमान, कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरमैन रोजी मलिक आदि ने किया। प्रधानाचार्या ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की छात्रा मन्नत सैनी व केशव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, श्रृष्टि और वंश धीमान ने द्वितीय और विनी, रुखसाना, रेहान, सरबजीत कौर व हर्षीन ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रनरअप के रूप में सुमैरा, सुहानी, जान्हवी, ऋधि, मेंका, वंश, आसा, आयुष और ऋतिका चुने गए। कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान पर शानवी और शगुन रहे। वहीं, द्वितीय स्थान देवांगी और तन्वी सैनी ने प्राप्त किया।




यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित चित्रकाल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी आयोजकों के साथ खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हुड्डा को विपक्ष का नेता और राव नरेंद्र को प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर जश्न

**यमुनानगर।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विपक्ष का नेता और राव नरेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को शहर के जगाधरी वर्कशॉप मार्ग स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के कार्यालय में जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डु बांटकर एक दूसरे को बधाई दी और कांग्रेस हाईकमान का आभार जताया। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने सही समय पर ऐतिहासिक फैसला लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विपक्ष का नेता बनाए जाने और राव नरेंद्र के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से हरियाणा में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी।

### ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब द्वारा नाचरौन में आयोजित की जा रही श्रीरामलीला

# महाराजा रावण के महारथी जमीन से नहीं हिला सके अंगद का पांव

**हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज समेत तीन अन्य अतिथियों ने रिबन काटकर किया श्रीरामलीला के अमंचन का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में दसवें दिन अंगद और महाराजा रावण संवाद का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान देर रात तक प्रभु प्रेमी पवित्रलीला के आनंद सागर में डूबे रहे। श्रीरामलीला में विभिन्न पात्रों का किरधार निभा रहे कलाकारों द्वारा अंगद व महाराजा रावण संवाद के दृश्य मंचन करके घंटो तक श्रद्धालुओं को भावविभोर किए रखा। अंगद और महाराजा रावण संवाद दृश्य मंचन का शुभारंभ प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज, समाजसेवी पदम राणा व देवेंद्र राणा और संदीप सढ़ूरा ने रिबन काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने दानराशि भेंटकर क्लब का सहयोग किया।




यमुनानगर। रामलीला के दसवें दिन अतिथियों को स्मृतिचिन्ह देते क्लब के सदस्य व दृश्य मंचन में अंगद के पांव को जमीन से उठाते हुए रावण के महारथी।

### शांति दूत बनाकर अंगद पहुंचे रावण के दरबार में

नाचरौन में चल रही श्रीरामलीला का दसवें दिन शुभारंभ श्रीगणपति भगवान की आरती के साथ हुआ। इसके बाद श्रीराम लीला के प्रथम दृश्य मंचन में भगवान श्रीराम महाबली अंगद को महाराजा रावण के दरबार में शांति दूत बनाकर भेजते हैं। महाबील वीर अंगद भगवान श्रीराम की आज्ञा पाकर श्रीलंका में पहुंचते हैं। दूसरे दृश्य मंचन में वीर अंगद श्रीलकां में महाराजा रावण के दरबार में जाने के लिए वहां मौजूद दरबारियों से मिलते हैं। दरबारी वीर अंगद को महाराजा रावण के दरबार में लेकर पहुंचते हैं। तीसरे दृश्य मंचन में प्रभु श्रीराम के शांतिदूत बनकर गए बाली के पूत्र अंगद महाराजा रावण को बार बार आग्रह करते हैं कि वह माता सीता को सम्मान पूर्वक लौटा दें। मगर महाराजा रावण उल्टा अंगद को भला बूरा कहता है। जिसके बाद अंगद जमीन पर अपना पांव जमा लेते हैं और उसके रावण के महारथियों को उसका पांव उठाने के लिए ललकारते हैं। चौथे दृश्य मंचन में वीर अंगद के पांव को महाराजा के रावण के एक बढ़कर एक महारथी बारी बारी से उठाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाते हैं। मगर रावण का कोई भी महारथी और उसके बलधारी बेटे मेघनाथ और अन्य अंगद के पांव को जमीन से नहीं उठा नहीं पाते हैं। जिसके बाद महाराजा रावण स्वयं अंगद के पांव को उठाने के लिए आगे बढ़ता है। मगर वीर अंगद महाराजा रावण के नीचे झुकते ही अपना पांव जमीन से उठा लेते हैं।

## राष्ट्रीय मेडिएशन प्रतियोगिता में विधि संस्थान की टीम विजेता

**कुरुक्षेत्र।** महर्षि मार्कण्डेश्वर विश्वविद्यालय, मुलाना, में 25 व 26 सितम्बर को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के तहत, विधि विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मेडिएशन प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, के विधि संस्थान के चतुर्थ वर्ष की छात्राएं विजेता रही। इस महोत्सव में पूरे देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से पच्चीस से अधिक टीमों ने भाग लिया। विधि संस्थान से भाग लेने वाली टीम में क्लाइंट की भूमिका निभाते हुए पर्ल, काउंसल की भूमिका में गुंजन एवं मीडिएटर की भूमिका में सिया ढींगरा ने विजयी स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला देवी चौहान ने छात्राओं को बधाई दी और इस तरह आगे बढ़ते रहने की शुभाशीष दी।

# आतिशबाजियों के साथ केशव पार्क में रावण दहन उत्सव कल

### रावण का 65 फुट, कुंभकर्ण का 60 फुट और मेघनाथ का 50 फुट का पुतला तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हर वर्ष की तरह इस बार भी दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दो अक्तूबर को शाम पांच बजे थीम पार्क में श्रीराम के हाथों से रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। धर्मनगरी में रावण को रिमोट कंट्रोल के जरिये जलाया जाएगा। इसके लिए दशहरा कमेटी की ओर से विशेष तैयारियां की जा रही हैं। दशहरा उत्सव में 65 फुट के रावण का पुतला जहां आकर्षण का केंद्र रहेगा तो वहीं 60 फुट का कुंभकरण और 50 फुट के मेघनाथ का पुतला भी दर्शकों को देखने के लिए मिलेगा। वहीं दशहरा उत्सव में जलाने के लिए तैयार की जा रही सोने की लंका भी लोगों को खूब आकर्षित करेगी।

### 9 कारिगरों ने सोने की लंका बनाई

पुतले बनाने में माहिर सहारनपुर के रहने वाले शमा खान की 9 कारिगरों की टीम पुतले व सोने की लंका तैयार कर रहे है। इसके साथ ही बजरंग बली हनुमान वानर सेना के साथ मौके पर रावण की सोने की लंका को भी जलाएंगे। उत्सव के दौरान जहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कई झांकियां निकाली जाएंगी तो वहीं राधा-कृष्ण का नृत्य भी चर्चा का विषय रहेगा। इसके अलावा आसमान में होने वाली भव्य आतिशबाजी का आनंद भी दर्शक उठा सकेंगे। दशहरा उत्सव के लिए रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को सहारनपुर के कारीगरों की ओर से तैयार किया जा रहा है, जो कि दिन रात मेहनत कर इन पुतलों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।


**कुरुक्षेत्र।** कारीगरों द्वारा तैयार किए गए पुतलों का मुकुट।

### दहन से पहले आर्कषक झांकिया निकाली जाएगी

कुरुक्षेत्र दहशहरा कमेटी के प्रधान अमित गुलाटी बताते हैं कि दशहरा पर्व की तैयारियां जोरो से चल रही है। कमेटी के महासचिव फतेह चंद गांधी का कहना है कि दशहरा पर्व के दौरान रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले दहन करने से पहले आर्कषक झांकियां निकाली जाएंगी। रंग बिरंगी हवाई आतिशबाजी भी की जाएगी, ताकि यहां आने वाले दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया जा सके।

### शहरवासियों से उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

लंका को किया जाएगा आग के हवाले कमेटी के प्रधान अमित गुलाटी ने बताया कि इस बार दशहरा उत्सव में रावण के 65 फुट, कुंभकरण के 60 फुट और मेघनाथ के 50 फुट के पुतलों का दहन श्री राम के कर कमलों से होगा। दशहरा उत्सव में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों के साथ-साथ लंका भी बनाई गई है जिसे श्री राम के हाथों आग के हवाले किया जाएगा। कमेटी के मुख्य सलाहकार धीरज गुलाटी ने सभी शहरवासियों से अपील की के दशहरा उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज के आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दे।

## शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर घर-घर हुआ कंजक पूजन

# कन्या पूजन से घर में आती सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शक्ति साधना के महापर्व नवरात्रि के आखिरी दो दिन महाअष्टमी और महानवमी के दिन कन्या पूजन का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। हिंदू मान्यता के अनुसार इस दिन 2 साल से 10 साल की कन्याओं को भगवती दुर्गा का दिव्य स्वरूप मानकर उनका विशेष पूजन किया जाता है। पंडित रामराज कौशिक ने बताया की महाअष्टमी पर कन्या पूजन का विशेष महत्व है। भक्तजन छोटी-छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर अपने घर प्रेम से बुलाते हैं, उन्हें पूजते हैं, उनके पैर धोते हैं और भोजन व उपहार देकर विदा करते हैं। इसे कन्या भोज भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस पूजन से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है। मान्यता यह भी है कि नवरात्रि की देवी साधना कन्या पूजन और हवन के बाद ही पूर्ण होती है। यही कारण है कि शक्ति के साधक महाअष्टमी और नवमी तिथि पर बड़ी आस्था के साथ देवी समान कन्याओं का आदर और सम्मान करते हुए उनका विधि-विधान से पूजन करते हैं। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि आज उन्होंने गौरी गणेश पूजन, वरुण पूजन, पीठ पूजन, यंत्र पूजन, मां दुर्गा का विधिवत पूजन, भैरव पूजन, भगवान राम-लक्ष्मण-सीता का षोडशोपचार पूजन, भगवान कृष्ण एवं गोमाता का पूजन, नवग्रह पूजन आदि मौजूद रहे।


**कुरुक्षेत्र।** कन्या पूजन करते भक्तजन।


**कुरुक्षेत्र।** कन्या पूजन करते भक्तजन।

**खास बातें**

- कन्याओं के पूजन से मां दूर्गा होती है प्रसन्न
- मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया
- भक्तों का लगा तांता

### अष्टमी पर किया कन्या पूजन, कन्याओं को लगाया हलवा पुरी का भोग



**शाहबाद।** शारदीय नवरात्रों के अवसर पर नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर के भवन को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। नवरात्रों के मौके पर नगर और दूर दराज से माता के भगत माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। अष्टमी के मौके पर माता को महागौरी की पूजा अर्चना की गई। सुबह 4 बजे से ही माता के भक्त माता को हलवा पुरी का भोग लगातार छोटी-छोटी कन्याओं को हलवा पुरी का भोग लगाकर और उपहार देकर पूजा अर्चना की। नगर में कंजकों की पूजा के लिए कमी देखी गई। लोग एक दूसरे को कन्या को पूजन के लिए निमंत्रण देते रहे। नवरात्रि के उपलक्ष में माता को नारियल चुन्नी और प्रसाद लगाया गया। मंदिर के प्रधान पवन गर्ग ने बताया कि चैत्र और अश्विन के महीने में लगने वाले नवरात्रों में दूर दराज से भक्ति माता के दर्शन करने के लिए आते हैं और अपनी मुरादे पूरी करते हैं क्योंकि माता बाला सुंदरी कुलदेवी के रूप में पूजनीय है।

### दुर्गाअष्टमी पर देवी मंदिरों में लगी भक्तों की भारी भीड़



**पिहोवा।** घंटियों की ध्वनि और दुर्गा सप्तशती के पवित्र श्लोकों के पाठ से गूंजायमान व धूप से सुगंधित वातावरण के बीच मंगलवार के दिन दुर्गा अष्टमी के मौके पर शहर के देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। माता बाला सुंदरी मंदिर, माता सरस्वती, श्रीगोबिंदानंद आश्रम, श्री दक्षिणा काली पीठ एवं शिवपुरी रोड स्थित काली मंदिर में श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर फल, फूल, हलवा, पुरी व श्रृंगार का सामान मां दुर्गा को समर्पित कर पूजा अर्चना की।

### कन्या पूजन कर मनाई श्रीदुर्गाष्टमी



*कुरुक्षेत्र। नवरात्रों की श्रीदुर्गाष्टमी पर माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में माँ महागौरी की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि नवरात्रों में नौ देवियों की पूजा का विधान है। मंदिर की मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा माँ को नारियल का भोग लगाया गया और साथ ही सफेद फूल अर्पित किए गए। मंदिर में श्रीदेवीकूप पर आज लोग लगातार कन्यापूजन कर रहे थे। इस मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष डॉ एमके मौदगिल, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, प्रो हेमराज शर्मा, जीवन मौदगिल, शकुंतला देवी, मीना जोशी, स्नेहिल शर्मा, देवांशु शर्मा, संजीव मित्तल आदि मौजूद रहे।*

### 1008 कन्याओं का किया पूजन



*कुरुक्षेत्र। शारदीय नवरात्रे महोत्सव की अष्टमी पर गांव शांति नगर कुरडी में श्रीमद् भगवती महामाया मां बाला सुंदरी मंदिर में महाष्टमी महापर्व 1008 कन्याओं का पूजन कर धूमधाम से मनाया गया, लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है दूरदराज क्षेत्रों से श्रद्धालु जन आकर मां के चरणों में नतमस्तक होकर मां का आशीर्वाद ग्रहण कर रहे हैं। जय नारायण दीक्षित ने कहा कि मंदिर में महायज्ञ कर पूर्णाहुति श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरडी वाले एवं स्वामी शक्ति देव महाराज एवं स्वामी संदीप ओंकार कुरड़ी वालों द्वारा डाली गई।*


**कुरुक्षेत्र।** भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी।

## एलसीएलओ का धरना 12वें दिन भी जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 12वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ के राज्य महासचिव पवन पलवल ने की। धरने का संचालन जिला प्रधान रीत ने किया। धरने की अध्यक्षता करते हुए राज्य महासचिव पवन पलवल ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में रहेगा व अनुशासन के बाहर कोई कदम नहीं उठाएंगे। यूनियन हरियाणा के चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सीएम नायब सिंह सैनी के मीडिया प्रभारी तुषार सैनी से उनके दफ्तर पर अपनी मांगो को लेकर मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। अपनी बात रखते हुए ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ ने कहा कि जब तक सरकार इन कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे। आज क्रमिक अनशन पर रितु रानी,प्रवीण,सचिन बेनीवाल,सचिन और संदीप बैठे।


**कुरुक्षेत्र।** समारोह में मौजूद छात्राएं व अतिथिगण।

## 30 शालिनियों ने ली शपथ

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फैलोशिप कार्यक्रम, कुरुक्षेत्र के अंतर्गत 20वें इंडक्शन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन उदयन केयर सेंटर, कुरुक्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ले. डॉ. वीरेंद्र पाल थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रेनु खुग्गर, चेयरपर्सन, प्रेरणा वृद्धाश्रम, कुरुक्षेत्र तथा सुश्री निशा मिगलानी, मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, कुरुक्षेत्र ने उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त एसोसिएट डायरेक्टर मुकेश जोशी तथा रीजनल मैनेजर ऋतु खुराना , यूएसएफ की कोर कमेटी से कन्वीनर डॉ. सुषमा शर्मा, को-कन्वीनर डॉ. रामनिवास और सदस्य डॉ. सीमा पांडे उपस्थित रहीं। इस वर्ष कुरुक्षेत्र के 16 विभिन्न विद्यालयों से 30 नई बालिकाओं का चयन किया गया, जिनमें थानेसर, पिपली, लाडवा, यमुनानगर, इस्माइलाबाद, बारना, लोहरा, हरिगढ़ बोराघ, गुढ़ा, सारसा आदि स्थानों के सरकारी विद्यालयों की छात्राएं शामिल रहीं। डॉ. वीरेंद्र पाल ने सभी नई शालिनियों को शपथ दिलाई।

# स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अमनदीप प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जयराम कन्या कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन

सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में नवीन जिंदल फाउंडेशन की तरफ से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वदेशी विषय स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव एवं श्री जयराम संस्थान प्रबंधक कमेटी के सदस्य राजेश सिंगला ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की एवं प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर नवीन जिंदल फाउंडेशन की तरफ से डा. राज कुमार सैनी एवं विनोद गर्ग भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राजेश सिंगला ने कहा कि देश भर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा में गतिमान है।


**कुरुक्षेत्र।** विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य।

### प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

*इस महाविद्यालय की छात्राएं शिक्षा के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं, खेलों एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। स्लोगन प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने अपनी शैली से सभी को आश्चर्यचकित किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता प्रथम स्थान अमनदीप (बीए तृतीय वर्ष), दूसरा स्थान खुशप्रीत (बीए प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान पर कनिष्का (बीए तृतीय वर्ष) व साक्षी (बीए द्वितीय वर्ष) की छात्राएं रही।*

## केयू कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल बने सिख म्यूजियम के लिए गठित समिति के सदस्य

- डॉ. प्रीतम सिंह बने गुरु रविदास म्यूजियम समिति के सदस्य

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा राज्य में सिख म्यूजियम और गुरु रविदास म्यूजियम की सामग्री को ऐतिहासिक सत्यापन के बाद परखने, विकसित करने और अनुमोदित करने के उद्धेश्य से दो अलग-अलग उप-समितियों का गठन किया है। दोनों समितियों की अध्यक्षता हरियाणा साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री करेंगे। इस संबंध में श्री के. मकरंद पांडुरंग, आईएएस, सचिव, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा आदेश जारी किए गए। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सिख म्यूजियम के लिए गठित समिति में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव व आईआईएचएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र पाल, यमुनानगर से डॉ. मलकीत सिंह, डॉ. सरबजीत सिंह मान, पंजाबी विभाग, पंजाब सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बठिंडा व श्री विनोद कुमार, परियोजना अधिकारी (सदस्य सचिव) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गुरु रविदास म्यूजियम के लिए गठित समिति में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, के डॉ. भीमराव अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. जसपाल मेहरा, सेवानिवृत्त एस.ई. व विनोद कुमार, परियोजना अधिकारी (सदस्य सचिव) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इन समितियों का उद्धेश्य म्यूजियम के लिए सामग्री का ऐतिहासिक सत्यापन कर उसे विकसित व अनुमोदित करना है। इस उपलब्धि के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. वीरेन्द्र पाल व डॉ. प्रीतम सिंह को बधाई दी।

# व्यायाम की कमी हृदय रोग का कारण : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा सिद्धार्थ हॉस्पिटल, शाहाबाद मारकंडा में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर डॉ. दीपक शर्मा और डॉ. अंजली शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें 150 मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर डॉ. दीपक शर्मा ने हृदय संबंधी बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव, असंतुलित व तैलीय भोजन और व्यायाम की कमी हृदय रोगों के मुख्य कारण हैं। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और धूम्रपान जैसे कारक हृदय रोग का खतरा कई गुना बढ़ा देते हैं। उन्होंने कहा कि ब्लड प्रेशर और हार्ट की नियमित जांच बेहद जरूरी है।




### मरीजों उचित परामर्श दिया

*शिविर में आए मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी और सामान्य हृदय जांच की गई तथा मरीजों को संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने, धूम्रपान व शराब से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही पर्याप्त नींद और तनाव पर नियंत्रण रखने के उपाय भी बताए। इस अवसर पर रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, डॉ. एस. एस. अहुजा, डॉ. राजकुमार गर्ग, प्रितपाल सिंह ढिल्लों सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।*


**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर का निरीक्षण करते रीजनल डाइरेक्टरेट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड आंत्रप्रेन्योरशिप हरियाणा एवं यूटी के वरिष्ठ अधिकारी।

## कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर को बनाया जा रहा स्किल डेवलपमेंट केंद्र : कर्नल अरूण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर का निरीक्षण करने के लिए रीजनल डाइरेक्टरेट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड आंत्रप्रेन्योरशिप हरियाणा एवं यूटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने दौरा किया। इस अवसर पर सुशील कुमार अग्रवाल, रीजनल डायरेक्टर तथा यशपाल गर्ग, असिस्टेंट डायरेक्टर ने विशेष रूप से सेंटर में उपलब्ध अत्याधुनिक संसाधनों का अवलोकन किया। स्किल सेंटर में डिजिटल रूप से सुसज्जित कक्षाएँ, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएँ और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप प्रायोगिक प्रयोगशालाएँ स्थापित की जा रही हैं। यह सेंटर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा और कौशल विकास प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने डिजिटल लर्निंग, आधुनिक उपकरणों और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के माध्यम से उनकी सीखने की प्रक्रिया को समझा।

**कार्यक्रम** | विरासत हेरिटेज विलेज में आयोजित किया पांचवां सांझी उत्सव

# विरासत का अभियान लाया रंग, करोड़ों लोगों तक पहुंचा लोककला सांझी को बचाने का संदेश

विजेताओं को डेढ़ लाख से अधिक के पुरस्कार किए गए वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा की लोककला सांझी को बचाने के लिए विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित पांचवे सांझी उत्सव में जहां एक ओर 100 से अधिक महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया वहीं पर दूसरी ओर विरासत हेरिटेज विलेज की लोककला सांझी को बचाने की मुहिम रंग लाई। 21 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक चली यह मुहिम सोशल मीडिया के माध्यम से एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंची। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत हेरिटेज विलेज की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 1 लाख 71 हजार से अधिक के पुरस्कार वितरिए किए गए। कार्यक्रम का उद्‌घाटन श्रीमती सुमन सैनी उपाध्यक्ष हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद तथा भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा एवं एएचए प्रतिनिधि प्रो. दिनेश चहल ने किया। उन्होंने बताया कि 10 दिन तक चले इस सांझी उत्सव को स्कूल के हजारों विद्यार्थियों ने देखा। इसके अतिरिक्त अनेक कला प्रेमियों तथा लोककला पर पीएचडी करने वाले छात्रों ने सांझी कला की डॉक्यूमेंटेशन की।

### मुस्कान को 51,000 व मिनाक्षी को 31,000 रुपये दिए

अभिनव पूनिया ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र का अभियान रंग लाया। सोशल मीडिया पर 11.5 मीलियन से ज्यादा लोगों ने इसका अवलोकन किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने सांझी प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रथम पुरस्कार अजरानी कलां कुरुक्षेत्र की मुस्कान को 51 हजार रुपए, दूसरा पुरस्कार कृष्णा कॉलोनी हांसी की प्रतिभागिता मिनाक्षी को 31 हजार रुपए, बिहोली पानीपत की नीतू को 21 हजार रुपए वहीं प्रतियोगिता में 11 हजार रुपए के 2 पुरस्कार सुखविन्द्र कौर और निशा को वितरित किए गए। वहीं 51 सौ के 3 पुरस्कार माया देवी, राधा एवं सुषमा जोशी को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि 31 सौ के 5 पुरस्कार अन्नू, राजमीत कौर, किरन, नंदनी एवं सुनीता देवी को मिले। 21 सौ के 5 पुरस्कार अनीता, प्रीति, शांति, रिया एवं रीमा को मिले। अभिनव ने बताया कि 11 सौ के पांच पुरस्कार रमा, मिनाक्षी, निर्मला राठी, निशा, निवेदिता को प्राप्त हुए।

**खबर संक्षेप**

### ठगी के मामले में तीन काबू

अंबाला। थाना शहजादपुर में दर्ज जमीन खरीद-फरोख्त में 35 लाख रूपए धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि मोहाली के इंद्रपाल सिंह ने 12 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव ककडमाजरा में 5 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2024 के दौरान आरोपी गुरमीत सिंह उर्फ गैरी व अन्य लोगों ने उसे लालच देकर जमीन दिलवाने और उसी जमीन को महंगे दामों में बिकवाने के नाम पर उससे 35 लाख रूपये की एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 38 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त

बराड़ा। संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज की कॉमर्स विभागाध्यक्ष सरला सेठी 38 वर्षों की लंबी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क व प्रबंधक कमेटी की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रबंधन समिति और स्टाफ सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### आर्ट इंटीग्रेटेड पेडागॉजी वर्कशॉप आयोजित

बराड़ा। डीएवी बराड़ा विद्यालय में हब ऑफ लर्निंग सीबीएसई इंटर हाउस सीबीपी के अंतर्गत आर्ट इंटीग्रेटेड पेडागॉजी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एनईपी-2020 के अनुरूप शिक्षा को रचनात्मक, मनोरंजक और बच्चों के भावात्मक, विचारात्मक व संख्यात्मक विकास हेतु उपयोगी बनाना रहा। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भाग लिया।

### डीएलएसए की एडीआर सेंटर में कार्यशाला

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिबंध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोष एक्ट) विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यशाला में जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी भानु द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगाया चिकित्सा शिविर

कुरुक्षेत्र। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, खरकाली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन डायरेक्टर जनरल आयुष डॉ. संजीव वर्मा और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सपना शर्मा, फार्मासिस्ट पूनम और योग सहायक प्रदीप ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## दर्शकों का समर्थन मिलने पर शुरू हुई रामलीला

# आठ लोगों ने 'लौटा नून' डाल लिया था रामलीला मंचन का संकल्प

**श्रीरामा ड्रॉमाटिक क्लब ने पहले साल सुल्ताना डाकू व शहीद भगत सिंह पर नाटक का किया था शानदार मंचन**

सुभाष शर्मा ▶▶| मुलाना



साल 1978 से शुरू हुई रामलीला का मंचन, देवी मंदिर मैदान में श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब द्वारा शानदार तरीके से किया जा रहा है। मंगलवार को रामलीला के मंच पर लक्ष्मण व मेघनाथ युद्ध दृश्य प्रस्तुत हुआ। दृश्य में दिखाया गया कि किस प्रकार मेघनाथ ने ब्रह्मस्त्र का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित किया । इस अवसर पर रामलीला मंचन देखने के लिए भारी भीड़ मौजूद रही। बता दें कि श्रीरामा क्लब द्वारा आयोजित रामलीला के मंच पर सभी पात्र युवाओं द्वारा निभाए जा रहे है। यहां भगवान श्री् रामचंद्र जी की वंदना कर स्टेज का संचालन शुरू किया जाता है । इस क्लब में खास बात है कि यहां दृश्यों के साथ संगीत कार्यक्रम देने वाले ढोलकी वादक व हारमोनियम मास्टर मुस्लिम हैं। यह लोग कई वर्षों से यहां मंच के लिए सेवाएं दे रहे हैं। यह दो धर्मों के प्रेम की भी प्रस्तुति मानी जाती है।

### मेघनाद- लक्ष्मण युद्ध देखने पहुंचे प्रभारी

रामा क्लब मंच पर चल रही रामलीला में मेघनाथ और लक्ष्मण युद्ध का दृश्य वर्षों से खूब पसंद किया जाता है। यहां मेघनाद का किरदार निभाने वाले पवन व लक्ष्मण का किरदार निभाने वाली विकास द्वारा मानो जीवंत मंचन किया गया । कलाकारों ने ऐसे दमदार अभिनय से युद्ध दृश्य प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजाते रहे। इस रोमांचक दृश्य को देखने के लिए न केवल आसपास के ग्रामीण बल्कि दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

### श्रीरामा क्लब की रामलीला की अनोखी परंपरा

यहां रामलीला का इतिहास काफी पुराना है। साल 1928 से कस्बे में एक रामलीला होती आ रही थी जिसे श्रीकृष्णा क्लब द्वारा आयोजित किया जाता था। साल 1976 तक क्लब में सब कुछ ठीक चलता रहा। साल 1977 में क्लब के सदस्यों में हुई वैचारिक मतभेद के चलते आठ लोग कृष्णा क्लब से अलग हुए और उन्होंने अपनी एक बैठक कर अलग रामलीला मंचन करने का निर्णय लिया। श्रीकृष्णा क्लब से अलग होकर श्री रामा ड्रॉमाटिक क्लब बनाया गया। तब क्लब के पास न तो मैदान था न रामलीला मंचन के लिए कोई सामान। केवल अपने दम पर अलग से रामलीला मंचन करने की चुनौती थी श्रीकृष्णा क्लब से अलग हुए आठ लोगों में मेहर चंद गुलाटी, शामलाल गुप्ता, बनारसी दास, सुशील शर्मा , सरदारी लाल, कृष्ण कबीर, हवेली राम,यशपाल गुप्ता शामिल थे। कृष्ण कुमार कबीर के अनुसार इन सभी आठ लोगों ने मेन बाजार में स्थित अग्रवाल धर्मशाला के ऊपर बैठ कर लौटा नून डाला गया। संकल्प लिया कि चाहें अब कुछ भी हो कितनी ही कठिनाई आए कितना भी दबाव आए वह अलग रामलीला का मंचन कर के ही रहेंगे। हालांकि तब क्लब के पा मंचन के लिए न ही वर्दी थी न अस्त्र शस्त्र थे। फैसला लिए जाने के बाद श्रीरामा ड्रॉमाटिक क्लब ने पहले साल सुल्ताना डाकू व शहीद भगत सिंह के जीवन पर नाटक पेश किया। उसे दर्शकों ने खूब पसंद किया । इसके बाद क्लब के कलाकारों का हौसला बढ़ गया। साल 1978 में रामलीला मंचन की बारी आई तो सामान उपलब्ध नहीं था। तब पता चला कि उस वर्ष गांव उपलाना में होने वाली रामलीला किसी कारण से नहीं हो पा रही है । तब उस रामलीला कमेटी से सामान उधार लिया। धर्मशाला में रामलीला का मंचन श्रीरामा ड्रॉमाटिक क्लब द्वारा किया गया। धर्मशाला में दर्शकों की बढ़ती संख्या के चलते साल 1980 से श्रीरामा क्लब ने गांव के रहने वाले रामचंद्र गोसाईं व उन के साथ आए कुछ लोगों के अनुरोध से माता बाला सुंदरी मंदिर पर रामलीला का मंचन शुरू किया गया जो कि अब तक जारी है। क्लब के लिए मास्टर सुशील शर्मा,गुलशन, मेहर गुलाटी, हवेली राम ,सरदारी लाल, कृष्ण कबीर, बनारसी दास,यशपाल गुप्ता ,शामलाल गुप्ता ,रामकिशन राणा, रामेश्वर,रमेश, बाबु राम फौजी का विशेष योगदान रहा। इनमें से अधिकतर चेहरे दुनिया से विदा हो चुके हैं।

## डीसी ने किया विमोचन

# ई-पत्रिका शुरू करने वाला अंबाला राज्य का प्रथम जिला



अंबाला। ई . पत्रिका का विमोचन करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ कागज रहित होने से पत्रिका पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगी

निपुण हरियाणा मिशन को गति देने के उद्देश्य से उपायुक्त अजय सिंह तोमर द्वारा डीसी कार्यालय में निपुण टीम अंबाला की द्विमासिक ई-पत्रिका निपुण पथ का डिजिटल विमोचन किया गया। उन्होंने व्हाट्सअप और ई-मेल के माध्यम से इस ई-पत्रिका को जिले के सभी अधिकारियों के साथ सांझा किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर निपुण टीम को ई-पत्रिका निपुण पथ के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी, डीपीसी प्रमोद राणा और उनकी समस्त निपुण टीम के द्वारा ई-पत्रिका को शुरू करने के इस प्रयास से निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम को अंबाला ही नहीं अपितू प्रदेश के बच्चे-बच्चे तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे जल्दी ही जिला और प्रदेश के बच्चों द्वारा निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावना बढ़ेगी। इस पत्रिका के कागज़ रहित होने से यह पेड़ बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगी।

### पत्रिका को जारी रखने का किया आह्वान

उपायुक्त ने ई-पत्रिका निपुण पथ निपुण हरियाणा मिशन की सराहना करते हुए इसे आगे भी निरंतरता में जारी रखने बारे कहा। उन्होंने यह भी कहा कि इस पत्रिका में किसी भी स्कूल की बेस्ट प्रेक्टिस के साथ-साथ जिन बच्चों ने परिश्रम करते हुए शिक्षा में बेहतर उपलब्धि हासिल की है उसका भी लेख इसमें सम्मिलत करें ताकि अन्य बच्चों को भी उससे प्रेरणा मिल सकेगी। उन्होंने इस पत्रिका को तैयार करने वाले सभी सदस्यों व शिक्षा विभाग को इस कार्य के लिए बधाई देते हुए सराहना भी की। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने इस अवसर पर बताया कि ई-पत्रिका निपुण पथ निपुण हरियाणा मिशन से जुड़े अधिकारियों, अध्यापकों, मेंटरों, बच्चों और उनके अभिभावकों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगी जहां पर ये सब लोग निपुण हरियाणा मिशन के सफल क्रियान्वन के लिए न केवल अपनी भूमिका को पहचान पाएंगे बल्कि जिले में इस कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी अपनी रणनीतियां भी सांझी कर पाएंगे।

# भाषण प्रतियोगिता से दिया नशा मुक्त भारत का संदेश



अंबाला। विजेता छात्र शिक्षकों के साथ।

अंबाला। अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान कमेटी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. देश राज बाजवा के निर्देश पर इस कार्यक्रम का शुभारंभ वाइस प्रिंसिपल डॉ. अजय चौहान ने किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों व नशा मुक्ति अभियान कमेटी सदस्यों को नशा मुक्त भारत कराने के इस अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए इस प्रयास को सराहा । सरकार की इस पहल का समर्थन करते हुए चौहान ने युवाओं को किसी भी तरह के नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन नशा मुक्ति अभियान की नोडल ऑफिसर डॉ. पूनम राजोरा एवं आयोजन समिति के सदस्य प्रो नेहा रानी, डॉ. उमा शशि, डॉ. श्रुति सिंह, डॉ. नीलम रानी, डॉ मनजीत कौर प्रो. समीक्षा, डॉ. रितेश प्रो. इंदेश अग्रवाल के विशेष योगदान से किया गया ।

# दो महीने से सफाई कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

■ 58 कर्मचारियों का आरोप, नियम की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




नारायणगढ़। वेतन को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

नगरपालिका में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, स्ट्रीट स्वीपिंग एवं ड्रेन क्लिनिंग तथा सार्वजनिक शौचालयो की सफाई की अलग अलग तीन स्कीमों में 58 ठेका कर्मचारी काम करते हैं। इन सभी कर्मचारियों अगस्त महीने का वेतन अभी तक नहीं मिला जबकि सितंबर महीना भी ज खत्म हो गया है। ठेकेदार कर्मचारियों का पीएफ काटकर भी जमा नहीं करवा रहे। इसी प्रकार ईएसआई फंड काटा तो जा रहा है। कर्मचारियों के पास कोई प्रमाण नहीं है और न ही कोई सुविधा मिल रही है। सफाई कर्मचारियों के नेता लखमी चंद, बीर सिंह व धर्मवीर ने कहा कि वर्क आर्डर में लिखी शर्तों की तीनो स्कीमों के ठेकेदार सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रशासन एक महीने से लीपापोती कर रहा है। नगरपालिका के सचिव ने कल तक वेतन भुगतान करने का भरोसा दिया है परंतु तीनों स्कीम के कर्मचारियों ने वेतन मिलने तक प्रदर्शन जारी रखने का फैसला किया है।

### ठेकेदार नहीं दे रहे वेतन

कर्मचारियों का अभी तक साल 2023 व 2024 का भी लाखों रुपए का बकाया पेंडिंग है। सीटू के राज्य सचिव सतीश सेठी ने कहा कि नगरपालिका प्रशासन व ठेकेदार मिलकर जंहा सफाई कर्मचारियों का शोषण कर रहे है वहीं शहरवासियो को सुविधाओ से भी वंचित कर अपनी जेबे भरने में लगे हैं। उन्होंने सिलसिलेवार जानकारी देते हुए कहा कि कूड़ा कलेक्शन का ठेका सालाना 1.17 करोड़ रुपए में स्ट्रीट स्वपिंग व ड्रेन क्लिनिंग का 54.26 लाख रुपए व सात सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई का ठेका 20.40 लाख रुपए सालाना में दिया गया है। हर महीने लाखों रुपए लेने वाले ठेकेदार वर्कर्स को मिलने वाले 11257 रू वेतन भी नहीं दे रहे हैं। जबकि ठेकेदारों से श्रम कानूनों को लागू करवाना सचिव की ड्यूटी है। परंतु कंही कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वर्क आर्डर में साफ लिखा है कि ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करेगा। मगर राजनैतिक सरंक्षण के चलते ठेकेदार मनमानी पर उतरे हुए है। इसलिए सीटू प्रदेश सरकार से मांग करता है कि शोषण व भृष्टाचार की जननी इस ठेका प्रथा को बंद किया जाए। यदि यह काम नगरपापालिका खुद करवाए तो इससे लाखों रुपए की बचत होगी। इस बचत से ही शहर के हर वार्ड में कम से कम दस सफाई कर्मचारी लगाए जा सकते हैं।

# स्वैच्छिक रक्तदान पर विशेष कार्यक्रम

## 177 बार रक्तदान व 86 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके पुलिस अधिकारी

■ पिता से मिली प्रेरणा के आधार पर रक्तदान के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं डॉ . अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रक्तदान करते पुलिस अधिकारी डॉ . अशोक वर्मा।

हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा सालों से रक्तदान के क्षेत्र में अहम योगदान दे रहे हैं। वे इस समय हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त हैं। 1989 से रक्तदान कर रहे डॉ. वर्मा पुलिस बल में वे सर्वोच्च रक्तदाता के रूप में जाने जाते हैं। बिना किसी संस्था और बिना किसी बैनर के वे वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की रक्तदान समिति के सदस्य के रूप में वे राज्यपाल द्वारा बनाए गए थे। वे अब तक 177 बार रक्तदान, 86 बार प्लेटलेट्स और 1 बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। वे प्रदेश के साथ साथ दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में जाकर रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने अब तक बिना किसी संस्था और बैनर के 559 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं। ये शिविर कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, फरीदाबाद और कैथल सहित अनेक शहरों में लगाए हैं। रकतदान शिविरों में 20302 यूनिट खून एकत्रित किया गया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

■ 9 आरोपियों को काबू किया जा चुका

अंबाला। थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए-1 ने संलिप्त आरोपी मोहम्मद जाकिर को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में संलिप्त अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जींद के नवीन ने 21 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 नबंवर 2024 को आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने इस्टमैन ऑटो एंड पॉवर कंपनी से ट्रक में बैटरियों को लादकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाकर धोखाधड़ी कर विश्वासघात करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# दिव्यता व पवित्रता आत्मा के मूल गुण

■ प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई दुर्गा अष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। दुर्गा अष्टमी पर्व पर मां दुर्गा देवी के चैतन्य झांकी के साथ बीके बहनें।

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दुर्गा अष्टमी पर्व मनाते हुए मां दुर्गा देवी के चैतन्य झांकी का दर्शन कराया गया। इसके साथ ही ब्रह्माकुमारी देवी बहनों का श्रृंगार किया गया।

राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी प्रीति दीदी ने कहा दिव्यता और पवित्रता आत्मा के मूल गुण हैं। उन्हें हम भूल चुके हैं। जब हम अपनी दिव्यता को भूल जाते हैं तो हमारे भीतर काम, क्रोध, मोह, लोभ और अहंकार जैसे अवगुण प्रकट हो जाते हैं।

### अवगुणों पर देवत्व की विजय

अगर कोई इसे प्रतीकात्मक रूप से दर्शाना चाहे कि 'देवता ने अवगुणों पर विजय प्राप्त कर ली है' या 'पवित्रता ने अहंकार पर विजय प्राप्त कर ली है तो वे इसे प्रतीकात्मक रूप से कैसे दर्शाएंगे। देवताओं के चरणों के नीचे दर्शाए गए अवगुण या राक्षस, भौतिक रूप से विद्यमान राक्षस नहीं हैं। वे तो बस हमारे भीतर के अवगुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारे भीतर ईर्ष्या, घृणा, अस्वीकृति, छल-कपट, नियंत्रण, प्रभुत्व जैसे अवगुणों की सूची बहुत लंबी है। लेकिन चूंकि हमने ध्यान नहीं दिया इसलिए हमने अपने भीतर के दानव रुपी अवगुणों को जगा दिया है। अब समय आ गया है कि हम अपने भीतर के देवत्व का आह्वान करें। उन्होंने कहा कि जब हमारे अवगुण जागृत होते हैं, तो हमारा देवत्व स्वतः ही विलीन हो जाता है। किसी भी समय, संस्कार का केवल एक ही गुण जागृत रह सकता है।

### पूरी-समोसे की दुकान में लगी आग से भारी नुकसान

अंबाला। अंबाला सोमवार की देर रात एक दुकान में आग लग गई। शहर के जगाधरी गेट के पास स्थित एक पूरी और समोसे की दुकान देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी दुकान का सामान राख में तब्दील हो गया। घटना के समय दुकान बंद थी और वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा जनहानि का खतरा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात आसपास अचानक दुकान से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। शुरू में लोगों को लगा कि शायद किसी ने कचरा जलाया है लेकिन जब आग ने विकराल रूप ले लिया तो लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आसपास मौजूद लोगों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तेज लपटों और धुएं के चलते वे असफल रहे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग इतनी भीषण थी कि यदि समय पर सूचना न मिलती तो आसपास की अन्य दुकानें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## आजाद उम्मीदवार के तौर पर लड़कर जीता था चुनाव

# नपा अध्यक्ष ने 6 माह बाद भाजपा में की वापसी

■ भाजपा ने किया था 6 साल के लिए निष्कासित, 6 महीने में फैसला बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। नगरपालिका अध्यक्ष रजत मलिक को भाजपा में शामिल करते प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ।

मंगलवार को पूर्व विधायक संतोष सारवान ने नगरपालिका के अध्यक्ष रजत मलिक को भाजपा में दोबारा शामिल करवा दिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने उन्हें पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। गौरतलब है कि नगरपालिका चुनावों से पूर्व रजत मलिक भाजपा में सक्रिय थे। अध्यक्ष पद के लिए टिकट के प्रबल दावेदार भी थे लेकिन पार्टी ने उस समय हरजिंदर सिंह को टिकट दे दिया। टिकट न मिलने से असंतुष्ट होकर रजत मलिक ने आज़ाद उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया। भाजपा प्रत्याशी हरजिंदर सिंह ने भी उसी दिन यानी 17 फरवरी 2025 को नामांकन कर दिया।भाजपा हाईकमान ने इस कदम को पार्टी विरोधी गतिविधि मानते हुए रजत मलिक को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। रजत मलिक के आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर खड़ा होने की वजह से नगरपालिका चुनाव दिलचस्प हो गया।

### *लोगों की सेवा ही उद्देश्य*

*मेरा उद्देश्य केवल यहां के लोगों की सेवा और विकास कार्यों को गति देना है। भाजपा संगठन और सरकार के सहयोग से बिना किसी भेदभाव के कस्बे के विकास को नई दिशा दी जाएगी। भाजपा को क्षेत्र में ओर मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास निरंतर जारी रखेंगे।*

*-रजत मलिक, अध्यक्ष, नपा, बराड़ा*

### नहीं हो रहा था समुचित विकास

चुनाव जीतने के बाद रजत मलिक लगातार कस्बे में विकास कार्य कराने की कोशिश में जुटे रहे लेकिन भाजपा सरकार का सीधा सहयोग न मिलने से कई योजनाएं अटक गईं। लोगों का मानना है कि सरकार के साथ तालमेल न होने के कारण कस्बे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई।अब क़रीब 6 माह बाद दोबारा भाजपा में लौटने से कस्बावासियों में नई उम्मीदें जगी हैं। लोगों को विश्वास है कि भाजपा से जुड़ने के बाद मलिक को सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। यहां लंबे समय से अटके विकास कार्यों को रफ्तार मिलेगी। क़स्बा वासियों के अनुसार मलिक की वापसी से न सिर्फ भाजपा को मजबूती मिलेगी, बल्कि विपक्ष के लिए भी यह बड़ा झटका साबित हो सकता है। जनता की नज़र अब इस बात पर टिकी है कि रजत मलिक और सरकार के तालमेल से क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार कितनी बढ़ती है। रजत मलिक के भाजपा में शामिल होने पर नपा सदस्य गुरजिंदर कौर, नरिंदर कौर, हरभजन सिंह, विजय राणा, साहिल चावला, विजय छाबड़ा के अलावा हरजिंदर कौर, करण कपूर, सतिंदर जीत सिंह, वैभव सिंगला, नरिंदर सैनी, अमरिंदर सिंह रॉबिन ने प्रसन्नता ज़ाहिर करते हुए कहा कि कस्बे में हो रहे विकास कार्य अब ओर गति से होंगे। इससे लोगों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो पाएगी।